सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **49**
14/01/2026

# मकर संक्रांति के अवसर पर जदयू द्वारा आयोजित दही–चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**पटना, 14 जनवरी 2026** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज मकर संक्रांति के अवसर पर 1/20–मंत्री एन्क्लेव गर्दनीबाग, पटना में पूर्व मंत्री एवं जदयू विधायक श्री रत्नेश सादा के आवास पर जदयू द्वारा आयोजित दही–चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रत्नेश सादा ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्रीमती शीला कुमारी, विधायक श्री संतोष कुमार निराला, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******